बिहार लोक सेवा आयोग,

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना--800001

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि०सं० 22/2020 (गणित) के अंतर्गत दिनांक 29.09.2022 को प्रकाशित आवश्यक सूचना–सह--निर्देश के आलोक में प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदनों की जाँच एवं आयोग स्तर पर समीक्षोपरांत अर्हित, औपबंधिक अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारो की सूची आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है।

उक्त विज्ञापन के लिए उम्मीदवारों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। लिखित परीक्षा में शामिल होने एवं प्रवेश पत्र निर्गत होने मात्र से किसी भी उम्मीदवार की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। आयोग द्वारा किसी भी स्तर पर (लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय या साक्षात्कार के उपरांत) वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने एवं उम्मीदवारों की अभ्यर्थिता से सम्बन्धित जाँच के क्रम में विज्ञापन की शर्त्तों को पूरा नहीं करते पाये जाने की स्थिति में अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा एवं आयोग का उक्त निर्णय सर्वमान्य होगा।

इस परीक्षा से सम्बधित सभी अर्हित/औपबंधिक अर्हित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in अथवा www.onlinebpsc.bih.gov.in पर परीक्षा तिथि 26.10.2022 से एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेंगे, जिसे डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होना सुनिश्चित करेंगें। **उम्मीदवारों को किसी भी स्थिति में डाक (By Post) से प्रवेश पत्र नहीं भेजे जायेंगे।**

17.10.22

परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना